1080520 - C1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course B)
(पाठ्यक्रम ब)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. अपठित गद्यांश

इलाहाबाद के अतरसुइया मुहल्ले के एक मकान में श्री चिरंजीवलाल वर्मा की पत्नी श्रीमती चँदादेवी ने 25 दिसंबर 1926 को जिस बच्चे को जन्म दिया, वही आगे चलकर प्रसिद्ध साहित्यकार व पत्रकार धर्मवीर भारती के नाम से प्रख्यात हुए। उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर जनपद के खुदागंज कस्बे के धनी व दबंग जमींदार एवजराय के पौत्र धर्मवीर भारती बचपन में माता - पिता के साथ छुट्टियाँ बिताने अपने मूल स्थान पर जाया करते थे। लेखक के पिता को पाँच भाई थे। इनके पिता श्री चिरंजीवलाल जमींदारी सामंती परंपरा के विरोधी थे। अत: उन्होंने अपने पिता व बड़े भाई की इच्छा के अनुकूल लगान वसूली व लेन-देन के कार्य को अस्वीकार कर पढ़ाई की। रूड़की इंजीनियरिंग कॉलेज से ओवरसीयर की परीक्षा उत्तीर्ण कर बर्मा जाकर नौकरी की। खुदागंज में बालक धर्मवीर दो पात्रों के विशेष संपर्क में आए एक सोने से लदी बूढ़ी दादी और दूसरी किसी रिश्तेदार की विधवा जिसे लेखक 'अइया' कहते। सब बहुएँ उनके पाँव छूतीं पर आश्रिता होने के कारण मशीन की तरह सुबह चार बजे से रात दस बजे तक खटती रहने वाली 'अइया' को नौकरानी की तरह झिड़कती। 'बालसखा' में परियों की कहानी पढ़-पढ़कर कई बार लेखक सोचता कि 'अइया' शापग्रस्त रानी है। 'अइया' गाँव की नाइनों, धोबिनों, भठियारिनों, डकैतो के किस्से सुनाती और लेखक भूगोल की कक्षा में पढ़े हुए पाठ। उनकी आधी सच्ची आधी झूठी कहानियों की सबसे पहली प्रशंसक अइया थी।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए -

(क) श्री चिरंजीवलाल और श्रीमती चँदादेवी के 25 दिसंबर को जन्मे बच्चे की ख्याति किस नाम से हुई ? **1**

(i) अतरसुइया (ii) चिरंजीव

(iii) एवज राय (iv) धर्मवीर भारती

(ख) लेखक का मूलस्थान कौन सा था ? **1**

(i) इलाहाबाद (ii) अतसुइया

(iii) बर्मा (iv) खुदागंज

(ग) लेखक के पिता किसके विरोधी थे ? **1**

(i) जमींदारी सामंती परंपरा के । (ii) पढ़ाई के ।

(iii) धनी व दवंग जमींदार एवजराय के । (iv) सोने से लदी बूढ़ी दादी के ।

(घ) 'बालसखा' में परियों की कहानी पढ़कर लेखक अइया के बारे में क्या सोचता था ? **1**

(i) वह साहित्यकार है । (ii) वह शापग्रस्त रानी है ।

(iii) वह सोने से लदी रहेगी । (iv) सारी बहुएँ उनके पाँव छूती हैं ।

(ङ) लेखक की आधी सच्ची आधी झूठी कहानियों की सबसे पहली प्रशंसक कौन थी ? **1**

(i) चँदादेवी (ii) अइया

(iii) दादी (iv) भठियारिनें

2. अपठित गद्यांश

संस्कृति एक प्रकार की संस्कारात्मक परिणति है। संस्कृति का संबंध संस्कार से है। यहाँ संस्कार का अर्थ मनुष्य की मानसिक शिक्षा, परिष्कार और बुद्धिमत्ता से है जो सतत् विकास की ओर अग्रसर रहती है। समुदायों, जातियों, संप्रदायों व मतों के बीच आपसी आदान-प्रदान से संस्कार और संस्कृति का निर्माण होता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो सतत् गतिशील है और जिसमें निरन्तर परिवर्तन होता रहता है। भारतीय संस्कृति की मूलधारा एक रही है। इस धारा से जाति, धर्म, समुदाय, व्यक्ति समय - समय पर प्रभावित होते रहे हैं और इसे प्रभावित भी करते रहे हैं। भारतीय संस्कृति का प्रसार भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर भी हुआ है। इस संस्कृति ने बाहर से आने वाली परंपराओं और प्रवृत्तियों को भी आत्मसात् किया है। भारतीय संस्कृति की मुख्य धारा किसी भी सांस्कृतिक धारा को छोटा नहीं समझती, न ही किसी धारा को नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाती है। सत्य की खोज भारतीय संस्कृति का निरंतर चलने वाला प्रयास है। सत्य की इस खोज में भारतीय संस्कृति सबको साथ लेकर चलती है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों को चुनकर उत्तर लिखिए -

(क) संस्कृति के संदर्भ में संस्कार का क्या अर्थ है ? **1**

(i) एक प्रकार की संस्कारात्मक परिणति ।

(ii) सतत् विकास की ओर अग्रसर ।

(iii) सम्प्रदायों के बीच विनिमय ।

(iv) मनुष्य की मानसिक शिक्षा, परिष्कार व बुद्धिमत्ता ।

(ख) समुदायों, जातियों, संप्रदायों व मतों की बीच आपसी आदान - प्रदान से किसका निर्माण होता है ? **1**

(i) परिणति का । (ii) परिष्कार का ।

(iii) संस्कार और संस्कृति का । (iv) समुदायों का ।

(ग) भारतीय संस्कृति का अन्य संस्कृतियों के प्रति क्या दृष्टिकोण है ? **1**

(i) भारतीय उपमहाद्वीप से बाहर भी प्रसार किया है ।

(ii) सतत् गतिशील प्रक्रिया को अपनाया है ।

(iii) न किसी को छोटा समझती है, न ही किसी को नजरअंदाज कर आगे बढ़ती है ।

(iv) मनुष्य की मानसिक शिक्षा द्वारा सतत् विकास की ओर बढ़ती है ।

(घ) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। **1**

(i) भारतीय संस्कृति। (ii) भारतीय उपमहाद्वीप।

(iii) संस्कार। (iv) परंपरा।

(ङ) वह कौन सा निरंतर चलने वाला प्रयास है जिसमें भारतीय संस्कृति जुटी है ? **1**

(i) परंपराओं को आत्मसात करना । (ii) निरन्तर परिवर्तन ।

(iii) मूल धारा एक रखना । (iv) सत्य की खोज ।

3. अपठित पद्यांश

मित्र माँगे अगर प्राण, तो गम नहीं, प्राण हमने दिए दुश्मनों के लिए।

पापियों ने तो हमको बचाया सदा, पाप हमने किए सज्जनों के लिए।

प्रश्न जब भी मिले, सब मुखौटे लगा, उम्र हमको मिली उलझनों के लिए।

भीड़ सपनों की हमनें उगाई सदा बंजरों के नगर निर्जनों के लिए।

किन लुटेरों की दुनिया में हम आ गए, हाथ कटते यहाँ कँगनों के लिए।

जिंदगी ने निचोड़ा है इतना हमें, बेच डाले नयन दर्शनों के लिए।

एक धरती जली है धनों के लिए, प्यार पैदा हुआ तड़पनों के लिए।

इंसानों का काल पड़ा है, वक्त कड़ा है दुनिया के लिए, वक्त कड़ा है दुनिया के लिए।

उपर्युक्त पद्यांश को पढ़कर, नीचे लिखे प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(क) हमने अपने प्राण किसके लिए दिए ? **1**

(i) मित्रों के लिए। (ii) दुश्मनों के लिए।

(iii) सज्जनों के लिए। (iv) धरती के लिए।

(ख) सज्जनों के लिए हमने क्या किया ? **1**

(i) मित्र माँगे। (ii) पापियो ने बचाया।

(iii) प्राण दिए। (iv) पाप किया।

(ग) यहाँ मुखौटे लगाकर कौन मिले ? **1**

(i) दुश्मन (ii) प्रश्न

(iii) सज्जन (iv) पापी

(घ) यह कैसे लुटेरों की दुनिया है ? **1**

(i) उलझनों के लिए उम्र मिलती है । (ii) यहाँ हमें पापियों ने बचाया है।

(iii) यहाँ कँगनों के लिए हाथ कटते हैं। (iv) मुखौटे लगाकर मिलते हैं।

(ङ) दुनिया के लिए वक्त कड़ा क्यों है ? **1**

(i) क्योंकि आज इंसानो का अकाल है। (ii) क्योंकि आज धरती जल रही है।

(iii) क्योंकि दर्शनों के लिए नयन बेच डाले हैं। (iv) क्योंकि हम लुटेरों की दुनिया में हैं।

4. अपठित पद्यांश

बढ़ जाता है मान वीर का रण में बलि होने से।
मूल्यवती होती सोने की भस्म यथा सोने से।
रानी से भी अधिक हमें अब यह समाधि है प्यारी।
यहाँ निहित है स्वतंत्रता की आशा की चिनगारी।
इससे भी सुन्दर समाधियाँ हम जग में हैं पाते।
उनकी गाथा पर निशीथ में क्षुद्र जंतु ही गाते।
पर कवियों की अमिट गिरा में इसकी अमिट कहानी।
स्नेह और श्रद्धा से गाती है वीरों की बानी।
बुंदेले हर बोलो के मुख हमने सुनी कहानी।
खूब लड़ी मर्दानी वह थी झाँसी वाली रानी।
यह समाधि, यह चिर समाधि है झाँसी की रानी की।
अंतिम लीला स्थली यही है लक्ष्मी मर्दानी की।

उपर्युक्त पद्यांश को पढ़कर, नीचे लिखे प्रश्नों के वैकल्पिक उत्तर छाँटिए –

(क) वीर का मान कब बढ़ जाता है? **1**

(i) जब वह सोने की भस्म सा हो जाता है। (ii) जरब वह लड़ता है।
(iii) जब वह सोना बन जाता है। (iv) जब वह रण में बलि होता है।

(ख) रानी से अधिक उसकी समाधि क्यों प्यारी है ? **1**

(i) यह सोने सी मूल्यवती है।
(ii) यह बहुत सुन्दर है।
(iii) समाधि रानी सी वीर की समाधि है।
(iv) यहाँ स्वतन्त्रता की आशा की चिंगारी निहित है।

(ग) जग में जो अन्य सुन्दर समाधियाँ है उनकी गाथा कौन गाता है ? **1**

(i) हरबोले (ii) वीर
(iii) रात्रि में क्षुद्र जन्तु। (iv) बुंदेले।

(घ) इस समाधि की अमिट कहानी कहाँ है ? **1**

(i) कवियों की अमिट गिरा में। (ii) निशीथ में।
(iii) आशा में। (iv) सोने की भस्म में।

(ङ) उपुर्यक्त पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा – **1**

(i) सुन्दर समाधि। (ii) वीर का मान।
(iii) झाँसी की रानी की समाधि। (iv) अमिट कहानी।

खंड 'ख'

5. (i) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विकारी नहीं होता? 1

(क) सर्वनाम (ख) क्रिया

(ग) क्रिया विशेषण (घ) विशेषण

(ii) रेखांकित शब्द का पद-भेद क्या है ? - मैं खुद कर लूँगा। 1

(क) संज्ञा (ख) अव्यय

(ग) क्रिया (घ) सर्वनाम

(iii) 'गीता दाँतों की डॉक्टर है।' रेखांकित में पदबंध का भेद है - 1

(क) विशेषण (ख) संज्ञा

(ग) क्रिया (घ) क्रिया विशेषण

(iv) 'वह बहुत जोर से बोलता है।' रेखांकित में पदबंध का भेद है - 1

(क) क्रिया विशेषण (ख) क्रिया

(ग) विशेषण (घ) संज्ञा

6. (i) 'सूरज निकला और किसान खेतों की ओर चल पड़े' - रचना के अनुसार वाक्य का प्रकार बताइए - 1

(क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) विधान वाचक

(ii) मेरे समझाने पर वह मान गई - मिश्र वाक्य में बदलिए - 1

(क) जैसे ही मैंने समझाया वैसे ही वह मान गई।

(ख) मेरे समझाते ही वह मान गई।

(ग) मैंने समझाया और वह मान गई।

(घ) मुझे समझाते ही वह मान गई।

(iii) हम अपने देश पर मर मिटेंगे – रेखांकित पद का परिचय है – **1**

(क) विशेषण, देश विशेष्य का विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन

(ख) क्रिया विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, भविष्यत्काल

(ग) अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य, भविष्यत्काल

(घ) क्रिया–सकर्मक, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्मवाच्य, भविष्यत्काल।

(iv) यह छात्र बहुत चतुर है – रेखांकित पद का परिचय है – **1**

(क) क्रिया विशेषण, है क्रिया का विशेषण, पुल्लिंग, एक वचन।

(ख) गुण वाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, छात्र विशेष्य का विशेषण।

(ग) सार्वनामिक विशेषण, बहुत विशेष्य का विशेषण, एक वचन।

(घ) क्रिया विशेषण, बहुत क्रिया का विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग।

7. (i) अन्य + अन्य की संधि है – **1**

(क) अन्योन्य (ख) अन्नान्य

(ग) अन्यान्य (घ) अन्यन्य

(ii) 'प्रत्यंग' में संधि का कौन सा भेद है? **1**

(क) गुण संधि (ख) यण संधि

(ग) अयादि संधि (घ) दीर्घ संधि

(iii) 'उपरि + उक्त' की संधि है – **1**

(क) उपर्युक्त (ख) उपरोक्त

(ग) उपरिउक्त (घ) उपर्यूक्त

(iv) 'पवित्र' का संधि विच्छेद है – **1**

(क) पव + इत्र (ख) पह् + इत्र

(ग) पवि + त्र (घ) पो + इत्र

8. (i) 'व्यायामशाला' में समस्तपद का विग्रह होगा – 1

(क) व्यायाम के लिए शाला है जो । (ख) व्यायाम के लिए शाला।

(ग) व्यायाम रूपी शाला। (घ) शाला में व्यायाम।

(ii) निम्नलिखित में किस समस्त पद में कर्मधारय समास है ? 1

(क) सप्तऋषि (ख) गजानन

(ग) देहलता (घ) भाईबहन

(iii) 'हस्त द्वारा लिखित' का समस्त पद है – 1

(क) हस्तखित (ख) हस्तलिखित

(ग) हस्त्लीखित (घ) हस्तीखित

(iv) 'नीलगगन' समस्त पद का विग्रह है – 1

(क) नीला गगन (ख) नीले गगन सा

(ग) गगन सा नीला (घ) नीलम वर्णी गगन

9. (i) उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति करे – 'चोर _____ सब चुरा कर ले गए और घरवाले सोते ही रह गए।' 1

(क) कानों में रस घोलकर। (ख) गले लगाकर।

(ग) आँखों में तैर कर। (घ) दबे पाँव आकर।

(ii) 'सातवें आसमान पर होना' का अर्थ है – 1

(क) सुन्दर जगह पहुँचना। (ख) चरम सीमा पर।

(ग) स्वर्ग की प्राप्ति। (घ) सातों सुख पाना।

(iii) इस व्यापारी को _____ खूब आता है। 1

(क) गले लगाना। (ख) रंग दिखाना।

(ग) दो से चार बनाने का गणित। (घ) टूट पड़ना।

(iv) 'बटेर हाथ लगना' का अर्थ है – 1

(क) अनायास कोई वस्तु मिलना। (ख) शिकार करना।

(ग) छोटा शिकार मिलना। (घ) बिना प्रयास शिकार पाना।

खंड 'ग'

10. किसी एक काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए –

विरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होइ।।
हम घर जाल्या आपणाँ, लिया मुराड़ा हाथि।
अब घर जालौं तास को, जे चलै हमारे साथि।।

(i) विरह को भुवंगम क्यों कहा गया है ? **1**

(क) विरह से जगत में गमन करते हैं।

(ख) इस भव में विरह ही ले जाता है।

(ग) विरह धरती में गमन करता है।

(घ) दोनों का काटा व्यक्ति इसकी पीड़ा से तड़पता है।

(ii) 'बौरा होइ' का क्या अर्थ है ? **1**

(क) विरही होना। (ख) पागल होना।

(ग) मर जाना। (घ) जीवित होना।

(iii) राम वियोगी की क्या दशा होती है? **1**

(क) उसे राम वियोग के प्रभाव से कुछ नहीं होता।

(ख) वह जिंदा नहीं रहता।

(ग) जीवित रहने पर बौरा जाता है या फिर जीवित नहीं रहता।

(घ) वह रामवियोग में बौरा जाता है।

(iv) मुराड़ा से क्या तात्पर्य है ? **1**

(क) मुरलिया (ख) मशाल

(ग) मोंठ (घ) दरांती

(v) जो कवि का अनुयायी बनना चाहते हैं उन को कवि क्या देंगे ? **1**

(क) उनको अपने घर ले जाऐंगे। (ख) उनके हाथ में मुराड़ा देंगे।

(ग) उसका घर जला देंगे। (घ) उसे अनुयायी बना लेंगे।

अथवा

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार वारिद के पर!
रव-शेष रह गए हैं निर्झर!
हैं टूट पड़ा भू पर अंबर!
धँस गए धरा में समय शाल!
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल!
यों जलद यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

(i) अचानक कौन उड़ गया ? **1**

(क) पर्वत (ख) बादल

(ग) अंबर (घ) निर्झर

(ii) निर्झर किस रूप में विद्यमान हैं? **1**

(क) वारिद के परों के रूप में। (ख) बादलों के रूप में।

(ग) अपने स्वरों के रूप में। (घ) टूटते अंबर के रूप में।

(iii) शाल वृक्षों के डरने का क्या कारण है ? **1**

(क) भूधर के अचानक उड़ने के कारण।

(ख) धरती के धँस जाने के कारण।

(ग) धरती पर आसमान टूट पड़ा इस कारण।

(घ) अपार वारिद के पंख फड़फड़ाने के कारण।

(iv) 'उठ रहा धुआँ, जल गया ताल' में उठता हुआ धुआँ क्या है असल में? **1**

(क) ताल जलने के कारण उत्पन्न धुआँ।

(ख) गहरे काले बादलों की धुंध।

(ग) वारिद के पंख फड़फड़ाने से उठता धुआँ।

(घ) शाल वृक्षों के धरा में धँसने का प्रभाव।

(v) प्रस्तुत पंक्तियों की कविता का नामोल्लेख कीजिए - **1**

(क) पर्वत और पावस। (ख) पावस ऋतु।

(ग) पावस में पर्वत प्रदेश। (घ) पर्वत प्रदेश में पावस।

11. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए – **2.5x2=5**

(क) शैलेंद्र की फिल्म की कहानी सुनकर राजकपूर ने क्या कहा और शैलेंद्र किस उलझन में पड गए ?

(ख) 'तताँरा – वामीरो कथा' के आधार पर सिद्ध कीजिए कि – प्रेम रूढ़ियों का बंधन नहीं मानता।

(ग) ओपन लड़ाई किसे कहा गया है ? यह अपूर्व क्यों थी ?

(घ) 'बड़े भाई साहब' पाठ में क्या विचार व्यक्त किए गए हैं ? बड़ों और छोटों पर उनका क्या प्रभाव पड़ता है?

12. बड़े भाई साहब की स्वभावगत विशेषताएँ बताते हुए इस बात पर प्रकाश डालिए कि जीवन की समझ कैसे आती है ? **5**

अथवा

'तिसरी कसम' फिल्म को सैल्यूलाईड पर लिखी कविता क्यों कहा गया और इसके नायक और नायिका ने इसके पात्रों से कितना न्याय किया ?

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

किसी तरह रात बीती। दोनों के हृदय व्यथित थे। किसी तरह आँचरहित एक ठंडा और उबाऊ दिन गुजरने लगा। शाम की प्रतीक्षा थी। तताँरा के लिए मानो पूरे जीवन की अकेली प्रतीक्षा थी। उसके गंभीर और शांत जीवन में ऐसा पहली बार हुआ था। वह अचंभित था, साथ ही रोमांचित भी। दिन ढ़लने के काफी पहले वह लपाती की उस समुद्री चट्टान पर पहुँच गया। वामीरो की प्रतीक्षा में एक – एक पल पहाड़ की तरह भारी था। उसके भीतर एक आशंका भी दौड़ रही थी। अगर वामीरो न आई तो ? वह कुछ निर्णय नहीं कर पा रहा था। सिर्फ प्रतीक्षारत था। बस आस की एक किरण थी, जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी। वह बार–बार लपाती के रास्ते पर नजरें दौड़ाता। सहसा नारियल के झुरमुटों में उसे एक आकृति कुछ साफ हुई..... कुछ और..... कुछ और। उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। सचमुच वह वामीरो थी।

(क) तताँरा की मन:स्थिति कैसी थी ? **2**

(ख) अपनी प्रतिज्ञा को तताँरा ने प्रकृति के किस दृश्य से जोड़ा ? **2**

(ग) तताँरा की खुशी का ठिकाना कब न रहा ? **1**

अथवा

बृजलाल गोयनका जो कई दिन से अपने साथ काम कर रहा था और दमदम जेल में भी अपने साथ पकड़ा गया। पहले तो वह झंडा लेकर वंदे मातरम् बोलता हुआ मोनुमेंट की ओर इतने जोर से दौड़ा की अपने आप ही गिर पड़ा और उसे एक अंग्रेज घुड़सवार ने लाठी मारी फिर पकड़कर कुछ दूर ले जाने के बाद छोड़ दिया। इस पर वह स्त्रियों के जुलूस में शामिल हो गया और वहाँ पर भी उसको छोड दिया तब वह दो सौ आदमियों का जुलूस बनाकर लाल बाजार गया और वहाँ पर गिरफ्तार हो गया। मदालसा भी पकड़ी गई थी। उससे मालूम हुआ कि उसको थाने में भी मारा था। सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकडी गई थीं। बाद में रात को नौ बजे सबको छोड दिया गया। कलकत्ता में आजतक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ्तार नहीं की गई थीं।

(क) बृजलाल गोयनका के साथ क्या व्यवहार किया गया ? **2**

(ख) कलकत्ता में स्त्रियों के जुलूस की क्या स्थिति थी ? **2**

(ग) इन पंक्तियों के लेखक और पाठ का नाम लिखिए। **1**

14. (क) मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती करते हुए किन उदाहरणों का उल्लेख किया है ? **2**

(ख) विरासत में मिली चीजों की बड़ी सँभाल क्यों होती है ? 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **2**

(ग) मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने को शीतलता कैसे प्राप्त होती है ? **1**

15. ठाकुरबारी से लौटकर हरिहर काका कहाँ रहने लगे ? अब उनका ख्याल कैसे रखा जाने लगा ? **3**

अथवा

एक दिन ऐसी क्या घटना घटी कि हरिहर काका की सहनशक्ति जवाब दे गई ? उनका गुस्सा किस पर फूटा ?

16. महंत और भाइयों के बदलते व्यवहार से हरिहर काका को क्या बात समझ में आ गई थी ? उन्होंने क्या निश्चय किया ? **2**

खंड 'घ'

17. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए – **5**

(क) **साँच को आँच नहीं** –

* सत्य का मार्ग
* प्रेरणा स्रोत – महापुरुष
* संकल्प
* उपसंहार

(ख) **कंप्यूटर**

* कंप्यूटर क्या है ?
* वर्तमान में उसका उपयोग
* दैनिक जीवन की व्यवहारिक आवश्यकता
* सीमाएँ
* संभावनाएँ

(ग) **मातृभूमि**

* मातृभूमि – अर्थ
* उदाहरण – प्राणिजगत में स्वभाविक लगाव के।
* मानव का लगाव
* कर्तव्य
* उपसंहार

18. खेल का सामान मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **5**

अथवा

पड़ोस में हुई चोरी की सूचना देते हुए अपने क्षेत्र के थाना अधिकारी को पत्र लिखिए।

- o O o -